>

Title: Regarding need to take necessary measures to prevent damage to crops by stray cattle and boars in Firozabad district, Uttar Pradesh-laid.

श्री चन्द्र सेन जादौन (फिरोजाबाद): मेरे संसदीय क्षेत्र उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले में 70 प्रतिशत किसान हैं जिनका जीवनयापन पूर्ण रूपेण कृषि पैदावार पर निर्भर है, लेकिन मेरे जिले में आवारा गौवंश एवं सुअर अत्यधिक है जो किसानों की फसलों को खेतों में नुकसान पहुंचा रहे हैं। फसलें बर्बाद की जा रही है। किसान अत्यधिक दुखी होने के कारण हृदयघात से ग्रसित होकर मृत्यु को प्राप्त हो रहे हैं। छोटे किसान तो हमेशा के लिए बेघर तथा बर्बाद हो रहे हैं।

अतः मेरा भारत सरकार से आग्रह है कि क्षेत्र के किसानों की फसलों की बर्बादी से रोकने हेतु उचित व कारगर कदम उठाये जायें जिससे आवारा गौवंश व जंगली सुअरों से किसानों को निजात मिल सके तथा किसानों की फसलें सुरक्षित रह सकें।